देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 155 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**समाजवाद की वजह से पलायन



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 19 सितंबर 2021



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0°

40243.39

2 अफगानिस्तान में आईइडी ब्लास्ट

7 कुंबले दोबारा बन सकते हैं हेड कोच!

# वैक्सीन लोगों को लगी, बुखार एक पार्टी को आया

## डॉक्टर से सवाल पूछ पीएम मोदी ने कांग्रेस पर मारा ताना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोवा के हेल्थकेयर वर्कर्स और कोविड वैक्सीन के लाभार्थियों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोवा के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को वैक्सीन की एक डोज लग चुकी है। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में ये बहुत बड़ी बात है। इसके लिए गोवा के सभी लोगों को बहुत–बहुत बधाई। इस दौरान एक समाजसेवक से बातचीत करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश को अगर अपने संकल्प सिद्ध करने हैं, तो हमारी कोशिशों में सबके प्रयास भी बहुत जरूरी है। आपके प्रयास से गोवा ने वैक्सीनेशन में उपलब्धी हासिल की। आपकी तरह समाज सेवा करने वाले लाखों लोग हैं। मैं आपको बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने एक डॉक्टर से बातचीत के दौरान कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, मैंने सुना है कि कोरोना रोधी वैक्सीन लेने के बाद कुछ लोगों को इसका रिएक्शन होता है और उन्हें बुखार भी आ जाता है। ऐसा भी सुनने को मिला है कि कुछ लोगों को बहुत तेज बुखार आ जाता है और वह अपना मानसिक संतुलन तक खो सकते हैं। मैं कोई वैज्ञानिक या डाक्टर नहीं हूं। मुझे इसकी ज्यादा जानकारी नहीं है। इसलिए मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि कल देशभर में ढाई करोड़ से ज्यादा लोगों को कोरोना की वैक्ध्सीन लगाई गई। इसके बाद वैक्सीन लगवाने वाले लोगों को बुखार आया ये हमने सुना। लेकिन ढाई करोड़ वैक्सीन लगने के बाद कल रात 12 बजे के बाद राजनैतिक पार्टी को रिएक्शन आया, उनको बुखार चढ़ गया। इसका कोई लॉजिक हो सकता है क्या?

पीएम मोदी ने कहा, आप सभी को श्री गणेश पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं। कल अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर बप्पा को विदाई देंगे। हाथों में अनंत सूत्र भी बाधेंगे।

अनंत सूत्र यानी जीवन में सुख, समृद्धि और लंबी आयु का मुझे खुशी है कि इस पावन दिन से पहले गोवा के लोगों ने अपने हाथों पर 'जीवन रक्षा सूत्र' यानी वैक्सीन लगाने का काम पूरा कर लिया है। बीते कुछ महीनों में गोवा ने भारी बारिश, साइक्लोन, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के साथ भी बड़ी बहादुरी से लड़ाई लड़ी है।

**पीएम के जन्मदिन पर वैक्सीनेशन का रिकॉर्ड**

देश में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर टीकाकरण अभियान को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए कोविड–19 टीके की 2.50 करोड़ से अधिक खुराक देकर एक रिकॉर्ड बनाया। को–विन पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब तक दी गई कुल खुराक शुक्रवार मध्यरात्रि 12 बजे 79.33 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई।



**मोदी ने डॉक्टर से क्या पूछा?**

मोदी ने कहा कि ये मैं पहली बार देख रहा हूं कि ढाई करोड़ से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगा और कल रात को 12 बजे के बाद एक पॉलिटिकल पार्टी को रिएक्शन आया। उनका बुखार चढ़ गया। इसका कोई लॉजिक हो सकता है क्या? प्रधानमंत्री के सवाल पर डॉक्टर नितिन हंस पड़े। उन्होंने कहा, जब हमने लोगों को वैक्सीन दिया तो हमने पहले ही बता दिया कि यह कौन सा वैक्सीन है। हमने बताया कि वैक्सीन लेने के बाद आपको शायद बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द की परेशानी महसूस हो सकती है। उन्होंने कोविड से जुड़ी अन्य सावधानियां भी गिनाईं मगर राजनीतिक तंज पर कुछ नहीं कहा।

**कांग्रेस बोली– रोज इतने ही लोगों को मिले वैक्सीन**

कांग्रेस समेत अधिकतर विपक्षी दलों ने कहा कि देश के पास रोजाना के लक्ष्य से आगे निकलने की क्षमता है, लेकिन इसके लिए सरकार को 'इवेंट मैनेजमेंट' वाली शैली छोड़नी होगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक ट्वीट में कहा कि 2.1 करोड़ डोज वाले कई दिनों की राह देख रहा हूं। देश को इसी रफ्तार की जरूरत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने ट्वीट किया, अपनी पीठ थपथपाते हुए प्रधानमंत्री को यह बताना चाहिए कि केंद सरकार ने पहले टीकों का ऑर्डर क्यों नहीं दिया और उसने महीनों तक एक त्रुटिपूर्ण खरीद नीति का अनुसरण क्यों किया? बहुत सारी जिंदगियां बचाई जा सकती थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा सांसद बाबुल सुप्रियो तृणमूल कांग्रेस में हुए शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। हाल में मोदी मंत्रिमंडल से हटाए जाने के बाद राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले बंगाल के आसनसोल से भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो आखिरकार शनिवार को नाटकीय ढंग से टीएमसी में शामिल हो गए। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे सांसद अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में कोलकाता में उन्होंने तृणमूल का दामन थामा।

### राम मंदिर निर्माण के लिए 115 देशों से पहुंचा पानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने शनिवार को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में उपयोग के लिए सात महाद्वीपों के 115 देशों से पवित्र धाराओं, नदियों और समुद्रों से पानी प्राप्त किया।

# उत्तराखंड में चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा शुरू


## पहले दिन स्थानीय श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। शनिवार से चारधाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरू हो गई। हालांकि, पहले दिन सभी धामों में ज्यादातर स्थानीय श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वीकेंड पर बाहर से आए कुछ श्रद्धालुओं ने भी इस ओर रुख किया। अभी तक केदारनाथ के लिए गौरीकुंड से 342 श्रद्धालु रवाना हो चुके हैं।

हेमकुंड यात्रा के लिए 100 श्रद्धालु पहुंचे हैं। राज्य सरकार ने चारों धामों में सीमित संख्या में श्रद्धालुओं को धामों में दर्शन के लिए जाने की अनुमति प्रदान की हुई है। बदरीनाथ में 1000, केदारनाथ में 800, गंगोत्री में 600, यमुनोत्री में 400 और हेमकुंड में 1000 श्रद्धालुओं को ही जाने की अनुमति है।

देहरादून स्मार्ट सिटी पोर्टल पर पंजीकरण और देवस्थानम बोर्ड की वेबसाइट से ई–पास लेकर ही यात्रा की अनुमति दी जा रही है।



हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलने के दौरान 100 से अधिक श्रदालु मौजूद रहे। इस दौरान सभी श्रदालुओं ने पहली अरदास में भाग लिया। शनिवार सुबह नौ बजे पंच प्यारों की अगुआई में सचखंड से गुरुग्रंथ साहिब को दरवार साहिब में लारया गया। इसके बाद सुखमणी का पाठ, शबद किर्तन और इस साल की पहली अरदास हुई।

हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। हेमकुंड साहिब में गुरु गोविंद सिंह के चरणों में अरदास की। यात्रा की समाप्ति की तारीख ट्रस्ट की ओर से अभी निश्चित नहीं की गई है तथा मौसम को देखकर बाद में फैसला लिया जाएगा। कहा यात्री कृपया ऋषिकेश गुरुद्वारा में ट्रस्ट कार्यालय में पंजीकरण कराकर पास लेकर ही प्रस्थान करें।

# पंजाब में सियासी भूचाल, सीएम कैप्टन अमरिंदर ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पंजाब की राजनीति में काफी दिनों से उथल पुथल के बाद आखिरकार सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। कैप्टन तकरीबन साढ़े चार बजे राजभवन पहुंचे और वहां पर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने कहा कि बार–बार विधायकों की बैठकें बुलाई जा रही हैं मुझे लगता है कि आलाकमान को संदेह है कि मैं राज्य की सत्ता चला नहीं पा रही हूं इसी वजह से बार–बार विधायकों की बैठक बुलाई जाती है। कैप्टन ने कहा कि मैं अपमानित महसूस कर रहा था। मेरे सामने बिना मुझको बताए विधायक दल की बैठक बुलाई जाती है ये एक सीएम का अपमान है।

**आलाकमान को मेरे ऊपर संदेह**

कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि दो महीने में तीन बार अगर आपने विधायक दल की बैठक बुलाई तो मुझे लगा कि मैं सरकार नहीं चला पा रहा हूंगा तभी तो बार–बार इस वीटिंग को बुलाया जा रहा है।

**इस्तीफा**

■बोले– राजनीति में विकल्प खुले, जल्द आगे का प्लान बताऊंगा

उन्होंने कहा कि भविष्य की राजनीति का रास्ता खुला हुआ है। मेरे साथ जो लोग जुड़े हुए हैं उनसे बातचीत करूंगा उनसे सलाह मशविरा करूंगा उसके बाद आपको आगे के रास्ते के बाद बताऊंगा। अभी मैं कांग्रेस में हूं और मैंने कांग्रेस में रहते हुए सीएम पद से इस्तीफा दिया है। पिछले कुछ महीनों मे तीसरी बार ये हो रहा है कि विधायकों को दिल्ली में बुलाया गया। मैं समझता हूं कि अगर मेरे ऊपर कोई संदेह है, मैं सरकार चला नहीं सका, जिस तरीके से बात हुई है मैं अपमानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि आज सुबह ही मैंने सोच लिया था मैं इस्तीफा दूंगा और मैंने पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी बता दिया था कि मैं इस्तीफा दूंगा। पार्टी को मुझपर भरोसा नहीं रहा अब सोनिया गांधी जिसे चाहें उसे सीएम बनाएं।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

**Gadoli Media Ventures**
Contact: Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कोरोना की तीसरी लहर के आने की आशंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चिकित्सा विशेषज्ञों ने त्यौहारी सीजन में लापरवाही के चलते कोरोना की तीसरी लहर के आने की आशंका जताई है। विशेषज्ञों ने त्यौहारों में जमावड़ों पर रोक लगाने को लेकर सख्त कदम उठाए जाने का सुझाव भी दिया है।

इस बीच केंद्र सरकार ने शनिवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोरोना की स्थितियों का गहन विश्लेषण करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी सुझाव दिया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना चाहिए और जरूरी दवाओं का स्टाक करना चाहिए।

**राज्यों को स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का निर्देश**

कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोविड–19 प्रबंधन और प्रतिक्रिया रणनीति की समीक्षा की।

गौबा ने राज्यों से कहा कि किसी तरह की लापरवाही को कोई जगह नहीं दी जा सकती है। कोरोना की चुनौतियों को देखते हुए राज्य सरकार को अस्पतालों में मानव संसाधन को बढ़ाना चाहिए।